# कोवै वाणी

## अंक - 1

## 2025-26

## वर्ष- 4



# अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर


யூகோ வங்கி
(ஓர் இந்திய அரசு நிறுவனம்)

यूको बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)

UCO BANK
(A Govt. of India Undertaking)

உங்கள் நம்பிக்கைக்கு பாத்திரமான வங்கி

सम्मान आपके विश्वास का

Honours Your Trust

**संरक्षण**

**श्री श्रीनिवास राव कंभमपति**

**उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख**

**प्रेरणा**

**श्री वृद्धि चन्द कुमावत**

**सहायक महाप्रबंधक एवं उप अंचल प्रमुख**

**संपादक**

**श्रीमती अश्वती. पी. वी**

**प्रबंधक राजभाषा**


**संपादकीय पता**

यूको बैंक अंचल कार्यालय कोयम्बत्तूर

विजय टॉवर , 22 फादर रांडी स्ट्रीट ,आऱ एस पुरम , कोयम्बत्तूर

Phone: 0422 – 4509966/4509908, Fax: (0422) 4509988,

E-mail: zocoimbatore.ol@ucobank.co.in


एक टीम—एक स्वप्न- एक लक्ष्य

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ सं |
|---|---|
| 1. अंचल प्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक के कवम से | 02 |
| 2. उप अंचल प्रबंधक एवं सहायक महाप्रबंधक के कलम से | 03 |
| 3. संपादकीय | 04 |
| 4. अंचल का कारोबार 2024-25 | 05 |
| 5. वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न व्यापार मानदंड में लक्ष्य प्राप्त किए शीर्ष 3 शाखाएँ | 06 |
| 6. हिंदी दिवस | 09 |
| 7. डिएसए से मुलाकात | 10 |
| 8. सतर्कता जागरूक्ता सप्ताह | 11 |
| 9. नराकास की 50 वीं बैठक | 12 |
| 10. नराकास कोयंबत्तूर पुरस्कार | 13 |
| 11. नराकास प्रतियोगिता पुरस्कार | 14 |
| 12. राजभाषा सम्मान | 15 |
| 13. अंचल की राजभाषा बैठक | 16 |
| 14. अखिल राजभाषा सम्मेलन | 17 |
| 15. यह क्या हुआ! | 18 |
| 16. स्थापना दिवस | 19 |
| 17. नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर | 20 |
| 18. शाखा प्रबंधकों की बैठक की झलक | 21 |
| 19. नराकास ओवरॉल चैम्पीयनशिप ट्रॉफी | 22 |
| 20. एमएसएमई, कृषि एवं संसाधन कार्निवल | 23 |
| 21. तंजावुर तलयाटिबोमै | 24 |
| 22. स्थानांतरित आरएस पुरम शाखा का उद्घाटन | 26 |
| 23 कड़वा सच | 27 |
| 24. पोंगल | 28 |

| विषय | पृष्ठ सं |
|---|---|
| 25. विभिन्न नराकास | 29 |
| 26. सालई रोड त्रिचि शाखा का स्थानांतरण | 30 |
| 27. कार्यशाला | 31 |
| 28. सूरमंगलम शाखा का उद्घाटन | 32 |
| 29. ऋण निगरानी विभाग की उपलब्धि | 33 |
| 30. महिला दिवस | 34 |
| 31. सृजनात्मक स्तंभ | 35 |
| 32 .हिंदी परीक्षाओं के मानदेय | 36 |
| 33 .अधिरसम | 39 |

# अंचल प्रबंधक के कलम से



**प्रिय यूकोजन**

मुझे अत्यंत गर्व और खुशी हो रही है कि मैं आप सभी से अंचल की वार्षिक पत्रिका "कोवै वाणी" के माध्यम से जुड़ रहा हूँ। हमारे अंचल में पिछले वर्षों में कई महत्वपूर्ण मानक हासिल किए हैं। हमारे अंचल में न केवल शाखाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, बल्कि व्यावसायिक दृष्टि से भी इसकी क्षमता बढ़ी है, अपितु हमें अभी और अधिक परिश्रम कर अपने प्रदर्शन को उत्कृष्ट करने की आवश्यकता है।

अब हमारे अंचल में 68 शाखाएँ है, और 6 शाखाएँ इस साल खोलने की प्रतीक्षा में है। तमिल नाडू के भूगोल में फैले शाखाओं के उपरोक्त नेटवर्क के साथ, हमारे व्यवसाय को बढ़ाने और शीर्ष प्रबंधन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने की अधिकतम संभावना है। इस वर्ष बैंक का ध्यान कासा, रैम और वसूली में वृद्धि पर है और आशा है कि सभी शाखाएँ समावेशी विकास में अपना पूरा योगदान प्रदान करेंगे।

राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित इस पत्रिका से अंचल एवं शाखाओं की गतिविधियों की एक झलक आपको मिलेगा। मुझे कोयंबत्तूर अंचल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर पूर्ण विश्वास है कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा एवं कर्मठता बैंक को सदैव प्रगति के पथ पर अग्रसर रखेगी।

हमारा अंचल न केवल बैंकिंग, बल्कि राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में भी आवशयक कार्य करता आ रहा है।

यूको बैंक को राजभाषा कार्यानवयन में लगातार 4 वर्ष कीर्ति पुरस्कार प्राप्त हुए हैं यह बैंक में राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन को दर्शाता है।

हम आप सभी से अपेक्षा करते हैं कि बैंकिग के दिन- प्रतिदिन के कार्य में आप सभी राजभाषा हिंदी और क्षेत्रीय भाषा का भरपूर उपयोग करें जिससे हमारे बैंक का व्यवसाय बढ़ता रहे। हम सब को मिलकर समग्र रूप से एक टीम की तरह प्रयास करते हुए लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

**श्रीनिवास राव कंभमपति**

**उप महाप्रबंधक**

# उप अंचल प्रबंधक के कलम से



**<u>प्रिय साथियो</u>**

मैं हमारे अंचल कार्यालय, कोयंबत्तूर की पत्रिका "कोवै वाणी" का परिचय देते हुए खुश महसूस कर रहा हूँ।

हिंदी भाषा की समावेशी प्रकृति ने हमें भारत की अन्य भाषाओं और विश्व की प्रमुख भाषाओं के साथ जोड़े रखा है। भारतीय भाषाओं में निहीत ज्ञान का विपुल भंडार हमारी निरंतर प्रगति का आधार है। विविधताओं से भरे देश को एक सूत्र में बांधने में हमारी भाषाओं की बड़ी भूमिका रही है।

वर्तमान में कोयंबत्तूर क्षेत्र अपने विभिन्न कार्यक्षेत्रों में एक बड़े बदलाव से गुजर रहा है, जिसमें भौतिक स्वरूप, व्यवसायिक प्राथमिकताएँ, दावों के निपटान में तत्परता, कर्मचारी कल्याण, हानि न्यूनकरण प्रयास, डिजिटलीकरण को बढ़ावा, कम लागत की जनाओं (कासा) को बढ़ाना, व्यवसायिक प्रयास और अन्य अनेक पहलुओं का समावेश है।

हमारा उद्देश्य हमेशा से ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएँ प्रदान करना रहा है। आपकी मेहनत और प्रतिबद्धता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस पत्रिका में वित्त वर्ष 2024-2025 में अंचल कार्यालय में आयोजित सभी गतिविधियों का झलक सबको देखने को मिलेगा और साथ ही हम यह भी जान पाएंगे की हमारा अंचल विभिन्न क्षेत्रों में कितना अग्रसर है।

हमें इस पत्रिका को एक मंच के रूप में उपयोग करना चाहिए, जहाँ हम अपने विचार, अनुभव और सफलताओं को साझा कर सकें। मैं आप सबसे आग्रह करना चाहता हूँ कि हमारे अंचल को और अधिक विकसित करने हतु आपके श्रम को इस पत्रिका के जरिए सभी यूकोजन तक पहुंचने में विभाग की मदद करें। अंचल की पत्रिका अंचल के सभी गतिविधियों का एक दर्पण होता है। इसे हमें अपने लेखों, कविताओं और विचारों से विकसित करना है। हम सभी मिलकर नई ऊँचाइयों को छूने के लिए तत्पर हैं। आपका सहयोग और समर्थन हमेशा प्रेरणादायक रहता है।

**वृद्धि चन्द कुमावत**

**सहायक महाप्रबंधक**



# संपादकीय

**<u>प्रिय साथियों,</u>**

कोयंबत्तूर अंचल की वार्षिक पत्रिका "कोवै वाणी" का पाँचवां अंक आपके सम्मुख प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है।

अंचल एवं शाखाओं के विविध गतिविधियों से सभी को अवगत कराना इस पत्रिका का प्रमुख उद्देश्य है। अंचल के अधीन 68 शाखाओं में से 9 शाखा किसी न किसी नराकास के अधीन है अतः नराकास की गतिविधियाँ भी कोयंबत्तूर अंचल में राजभाषा के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

किसी भी अंचल की पत्रिका उस अंचल का दर्पण होता है। प्रत्येक वर्ष अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर से 1 पत्रिका निकालने की कोशिश हम करते हैं। इस अंक में भी हमने अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर के सारी गतिधियों और शाखाओं के सभी गतिविधियों को यथासंभव शामिल करने की कोशिश की है।

इस पत्रिका को तैयार करने में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप में जिन सथियों ने मेरा साथ दिया उन्हे में तहे दिल से धन्यवाद करना चाहती हूँ।

राजभाषा विभाग सभी सुधि पाठकों का हृदय से आभार व्यक्त करता है तथा आपके बहुमूल्य सुझावों का हमें इंतजार रहेगा।

**अश्वती पी वी**

**प्रबंधक राजभाषा**

# अंचल कारोबार2024-25

# ZONE BUSINESS 2024-25

| क्रम संख्या SL.NO | पैरामीटर PARAMETERS | अक्टूयल ACTUAL AS ON 31-03-2024 | अक्टूयल ACTUAL AS ON 31-03-2025 | मार्च की तुलना में वृद्धि GROWTH OVER MARCH 2024 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बचत खाता SB ACCOUNT | 785 | 802 | 17 |
| 2 | चालू खाता CA ACCOUNT | 122 | 141 | 19 |
| 3 | कासा CASA | 907 | 943 | 36 |
| 4 | कुल जमा TOTAL DEPOSIT | 2020 | 2128 | 108 |
| 5 | कुल अग्रिम TOTAL ADVANCE | 2936 | 3757 | 821 |
| 6 | कुल कारोबार TOTAL BUSINESS | 4956 | 5884 | 928 |
| 7 | रिटेल TOTAL RETAIL | 1098 | 1316 | 217 |
| 8 | कृषि TOTAL AGRICULTURE | 1201 | 1629 | 428 |
| 9 | कोर एमएसएमई TOTAL MSME | 751 | 869 | 118 |

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न व्यापार मानदंड में लक्ष्य प्राप्त किए शीर्ष 3 शाखाएँ

# TOP 3 BRANCHES WHO ACHIVED THE TARGET SET FOR VARIOUS BUSINESS PARAMETERS FY– 2024-25

## कुल व्यापार TOTAL BUSINESS

| |
|---|
| गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज शाखा GOVERNMENT ARTS COLLEGE |
| पल्लडम रोड तिरुपुर शाखा PALLADAM ROADTIRUPUR BRANCH |
| तुडियल्लूर शाखा TUDIYALUR BRANCH |

## कुल अग्रिम TOTAL ADVANCE

| |
|---|
| पल्लडम रोड तिरुपुर शाखा PALLADAM ROAD TIRUPUR BRANCH |
| धर्मपुरी शाखा DHARMAPURI BRANCH |
| गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज शाखा GOVERNMENT ARTS COLLEGE |

## कुल जमा TOTAL DEPOSIT

| |
|---|
| ऊटकमुण्ड शाखा OOTACAMUND BRANCH |
| आर एस पुरम शाखा R S PURAM BRANCH |
| थेनकासी शाखा TENKASI BRANCH |

## जमा खाता SAVINGS ACCOUNT

| |
|---|
| ऊटकमुण्ड शाखा OOTACAMUND BRANCH |
| नागरकोइल शाखा NAGERCOIL BRANCH |
| तुडियल्लूर शाखा TUDIYALUR BRANCH |

## चालू खाता CURRENT ACCOUNT

| |
|---|
| तिरुपुर शाखा TIRUPUR MAIN BRANCH |
| गोबिच्चेट्टिपालयम शाखा GOBICHETTYPALAYAM BRANCH |
| थेनकाशी शाखा TENKASI BRANCH |

## कृषि AGRI

| |
|---|
| धर्मपुरी शाखा DHARMAPURI BRANCH |
| सेलम शाखा SALEM BRANCH |
| नामगिरीपेट्टै शाखा NAMAGIRIPETTAI BRANCH |

## एमएसएमई MSME

| |
|---|
| तिरुपुर मुख्य शाखा TIRUPUR MAIN BRANCH |
| कोयंबत्तूर मुख्य शाखा COIMBATORE MAIN BRANCH |
| तुडियल्लूर शाखा TUDIYALUR BRANCH |

## एम बैंकिंग M BANKING

| |
|---|
| पेरुमनल्लूर शाखा PERUMANALLUR BRANCH |
| सोमरसमपेट्टै शाखा SOMARASAMPETTAI BRANCH |
| पेड्डयनैककेनपालयां शाखा PEDDANAICKENPALYAM BRANCH |

## क्यूआर मर्चंट QR MERCHANT

| |
|---|
| वडाकाड़ु शाखा<br>VADAKADU BRANCH |
| पेरुमनल्लूर और दिंडीगुल शाखा<br>PERUMANALLUR & DINDIGUL BRANCH |
| उड़ुमलपेट और विरुड़ुनगर शाखा<br>UDUMALPET & VIRUDHUNAGAR BRANCH |

## डेबिट कार्ड DEBIT CARD

| |
|---|
| पेरुमनल्लूर शाखा PERUMANALLUR |
| पेड्डयनैकनपालयां शाखा PEDDANAICKENPALYAM |
| रामनाथपुरम शाखा RAMANATHPURAM |

यूको बैंक
UCO BANK

# हिंदी दिवस

# HINDI DIWAS



अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर में वित्त वर्ष 2024-25 में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया।

इस हिंदी पखवाड़े के दौरान अंचल स्तर पर एवं शाखा स्तर पर पांच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था।

1. सुलेख प्रतियोगिता (तमिल)
2. सुलेख प्रतियोगिता (हिंदी)
3. हिंदी शब्द प्रतियोगिता
4. हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता
5. हिंदी वाक्य बनाओं प्रतियोगिता

सभी प्रतियोगिताओं में अधिकारियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

हिंदी पखवाड़े के समापन समारोह में अंचल प्रबंध श्री श्रीनिवास राव के और उप अंचल प्रबंधक श्री वृद्धि चन्द कुमावत जी ने मिलकर सबको हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी एवं प्रतियोगिता के सभी विजेयताओं को उपहार से पुरस्कृत किया।

अंचल प्रबंधक में हिंदी पखनाड़े के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी एवं अपने मातृ भाषा में अधिकतम काम करने का आहवाहन किया।

उप अंचल प्रबंधक ने अधुनिक दुनिया में अपने मातृ भाषा के महत्व एवं असके प्रयोग के दिन भर दिन गठते हालात से सबको परिचित कराया।



# डिएसए से मुलाकात

# DSA MEETINGS













यूको बैंक
UCO BANK

# सतर्कता जागरूकता सप्ताह

# VIGILANCE AWARENESS WEEK




सतर्कता जागरूकता सप्ताह हर वर्ष यूको बैंक में आयोजित किया जाता है। वर्ष 2024-25 में अंचल कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तेहद विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन अधिकारियों एवं ग्राहकों के लिए आयोजित किया गया था। आज की दूनिया में सभी को सभी क्षेत्र में सतर्क रहना पड़ता है। खासकर वित्तीय संस्थाओं में अनेक प्रकार के धोखाधड़ी हो रहे है। इस अवसर पर बैंक के सभी ग्राहकों में जागरूकता लाना अनिवार्य हो गया है।

किसी भी देश के भविष्य को सुद्रड़ बनाने के लिए उस देश के बच्चों और युवाओं को अधिक से अधिक जानकारी देना आवश्यक होता है। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर ने स्कूल के बच्चों के लिए सतर्कता जागरूकता विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के विजयताओं को अंचल प्रबंधक श्री श्रीनिवीस राव, वरिष्ठ प्रबंधक श्री वेट्रीमुरुगन और प्रबंधक श्री तिलकराज ने मिलकर पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर अंचल प्रबंधक ने बच्चों को वित्तीय सेवा और उसके खतरों के बारे में बच्चों को अवगत कराया और सभी से ऐसे जोखिमों से बचने का आग्रह किया।

# नराकास की 50 वीं बैठक

# TOLIC 50th Meeting





नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक एवं बीमा कंपनियां) की 51वीं अर्धवार्षिक बैठक आयोजित कोयंबतूर में किया गया। श्रीमती शैलजा के आर, अध्यक्ष, नराकास तथा केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक ने बैठक की अध्यक्षता की। स्वागत भाषण डॉ रमेशबाबू वरिष्ठ प्रबंधक राजभाषा, बैंक ऑफ बरोदा द्वारा किया गया। सदस्य कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख तथा हिंदी अधिकारी उपस्थित थे। श्री निर्मल कुमार दुबे, उप निदेशक, भारत सरकार, कोच्चि ने सदस्य कार्यालयों के रिपोर्टों की समीक्षा की। बैठक का संचालन प्रबंधक राजभाषा श्रीमती अश्वती पी वी यूको बैंक द्वारा किया गया। तत्पश्चात समिति की वार्षिक गृह पत्रिका “निष्ठा” का विमोचन किया गए। श्री मनेष मोहन, सदस्य सचिव ने समिति के अर्धवार्षिक निष्पादन पर रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस बैठक का समापन सुश्री राजलक्ष्मी न्यू इंडिया अशूरेंस द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।






51th half yearly meeting of TOLIC ( Banks & Insurance Companies) Coimbatore at Coimbatore. Smt. Shylaja K.R, Chairperson, TOLIC and Deputy General Manager, Canara Bank presided over. Welcome speech was delivered by Dr. Ramesh Babu Senior Manager Rajbasha Bank Of Baroda. All office heads and Hindi officials from member offices were present. Meeting was anchored by Mrs. Aswathi Manager Rajbasha UCO Bank. Sri. Nirmal Kumar Dubey, Deputy director, Govt. of India, Kochi reviewed the half yearly reports of member offices. There after TOLIC annual magazine 'Nishta' has was released. Sri. Manesh Mohan, Member secretary presented the half yearly performance of TOLIC. Ms. Rajlakshmi did the vote of thanks and the meeting was concluded with national anthem.

# नराकास कोयंबत्तूर पुरस्कार

# TOLIC COIMBATORE PRIZE

कोयंबत्तूर अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर नराकास का एक सक्रीय सदस्य है।

नराकास के सभी कार्यों में यूको बैंक अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर बढ़- चढ़कर भाग लेता है। अंचल के अधिकारी सारे नराकास के सदस्य बैंक एवं बीमा कंपनियों के हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी यूको बैंक ने नराकास के सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिया और पुरस्कार भी प्राप्त हुए। नराकास के दिसंबर में आयोजित नराकास के बैठक में सारे विजेयताओं को पुरस्कार में सम्मानित किया गया।

वित्त वर्ष 2021-22 में यूको बैंक को नराकास से शील्ड पुरस्कार (तृतीय) प्राप्त हुआ था जिसका शील्ड वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बैंक को दिया गया।

अंचल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक श्री चंकी राज सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती रजिया बेगम, वरिष्ठ प्रबंध एनिश प्रसन्ना, एवं सुरक्षा अधिकारी श्री प्रदीप कुमार ने मिलकर यूको बैंक को प्राप्त शील्ड पुरस्कार स्वीकार किया।



# नराकास प्रतियोगिता पुरस्कार
# TOLIC COMPETITION PRIZE



नराकास कोयंबत्तूर हर वर्ष हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित करता है।

नराकास कोयंबत्तूर में बैंक और बीमा कंपनी को मिलाकर कुल 13 सदस्य है। सभी सहस्य हिंदी दिवस के दौरान नराकास के तत्वावदान में एक -एक प्रतियोगिता आयोजित करता है।

इन प्रतियोगिताओं में राजभाषा अधिकारियों एवं आयोजन संस्थानों के कर्मचारी भाग नहीं ले सकते है।

अन्य संस्थानों के अधिकारी एवं कर्मचारियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान नराकास के तत्वावदान में दस प्रतियोगिताओं का आयोजिन किया गया था।





इन प्रतियोगिताओं में यूको बैंक कोयंबत्तूर अंचल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया एवं पुरस्कार भी जीते।

मुख्य प्रबंधक–श्री चंकी राज सिंह

वरिष्ठ प्रबंधक- श्रीमती रजिया नास बेगम

वरिष्ठ प्रबंधक– श्री एनिश प्रसन्ना

सुरक्षा अधिकारी–श्री प्रदीप कुमार

ने नराकास की बैठक में पुरस्कार स्वीकार किया।

# राजभाषा सम्मान

# RAJBHASHA SAMMAN

राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन एवं राजभाषा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर कीर्ति पुरस्कार एवं अंचल कार्यालयों द्वारा क्षेत्रीय पुरस्कार जीतने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए बैंक ने राजभाषा सम्मान एवं मातृभाषा सम्मान कार्य योजना को अंगीकार किया था।

अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर में दिनांक 06-01-2025 को यूको राजभाषा सम्मान (2024-25) आयोजित किया गया।

उप अंचल प्रबंधक श्री वृद्धि चंद कुमावत एवं मुख्य प्रबंधक श्री चंकी राज सिंह ने अविनाशीलिंगम् विश्वविद्यालय के दो चात्राओं—सुश्री नवीना एवं सुश्री मनोरंजितम को चेक एवं स्मृतिका से सम्मानित किया।






# अंचल की राजभाषा बैठक

# OLIC MEETING OF ZONE

बैंक के सभी कार्यालयों शाखाओं के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपने कार्यालय में राजभाषा कार्यन्वयन समिति का गठन करें और संबंधित कार्यालय के प्रधान/ शाखा प्रबंधक इस समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करें। बैंक के कार्यालयों शाखाओं द्वारा इस समिति की बैठक प्रत्येक तिमाही में आयोजित की जाती है और इसका कार्यवृत्त प्रधान कार्यालय को भेजी जाती है। अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर में भी राजभाषा कार्यान्वयन समिति गठित की गई है एवं वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान नियमानुसार बैठक का आयोजन किया गया था।

**It is essential for all the offices/ branches of the bank that they should constitute an Official Language Implementation committee and the Head of the office/ Branch Manager will act as the Chairman of the committee. The meetings of this committee may be convened in every quarter by the offices/ branches of the Bank and copy of the minutes may be forwarded. Official Language  Implementation Committee has also been constituted in the Zonal Office Coimbatore and the meeting was held as per rules during the financial year 2024-25.**



यूको बैंक
UCO BANK

# अखिल राजभाषा सम्मेलन

# NATIONAL RAJBASHA MEETING



वित्त वर्ष 2024-25 को दौरान दिसंबर में अखिल राजभाषा सम्मेलन का आयोजन प्रधान कार्यालय द्वारा कलकत्ता के सीएससी कॉलेज में आयोजित किया गया था। यह सम्मेलन तीन दिवस का रहा। प्रत्येक दिवस का सत्र और कार्य- योजना उद्देश्य के अनुरूप रही जिसमें सुझवों, जिज्ञासाओं और ज्ञानार्जन के लिए सत्र सदैव बनी रही।

इस सम्मेलन में नए साथियों का सरल उत्साह भी दर्शनीय रहा।

सम्मेलन में महाप्रबंधक ने बैंक में राजभाषा विभाग के योगदान को उजागर करते हुए सभी राजभाषा अधिकारियों को बधाई दी।

यूको बैंक का राजभाषा विभाग हर साल अखिल भारतीय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराता है। निबंध प्रतियोगिता विभिन्न बैंकिंग संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए आयोजित किया जाता है। इस सम्मेलम में अखिल भारतीय स्तर निबंध प्रतियोगिता के विजेयताओं को भी बुलाया गया था। उनके निबंध के विषय पर एक गहरी चर्चा भी इस सम्मेलन का मुख्य बिंदु रहा। विजेयताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

राजभाषा अधिकारियों के लिए आयोजित इस वार्षिक सम्मेलम का हर सत्र ज्ञानवर्धक एवं अर्थपूर्ण रहा।



# यह क्या हुआ !

यह क्या हुआ !

चारों तरफ धुआं ही धुआं

करने चले थे विकास... हुआ शहरों का सत्यानाश

पाठशाला है बन्द... शराब का ठेका खुला है...

प्रदूषण का ठोकरा केवल बच्चों पे पड़ा है

सब घंदे चलते... सब दफ़्तर खुला है..

शायद सिर्फ बच्चे धुआं करते..बकी सब भला है...

यह विकास है कि सर्वनाश है... क्या किसी आने वाली त्रासदी का आगाज़ है ?

ये मेट्रो ये पुल... ये मकान अंधाधुन्द.. न फैक्ट्री ना ट्रक.. क्या केवल बच्चों का धुआं है?

सब पेड़ काट दिए.. हमने यह कैसा विकास किया है?

सब धंदे चालू सिर्फ बचपन रुका है

आँखें हैरान.. फेफड़े परेशान.. कुछ लोगों का सिर्फ बैंक बैंलेस बढ़ा है...

यह धुआं नहीं है काल है जो अब सदा के लिए चढ़ा है।

क्योंकि हमने वसुधंरा को वृक्ष विहीन करा है।।

यह कोई विकास नहीं... सत्यानाश... सर्वनाश... विनाश ही विनाश किया है।

आओ यह धुआं हटाये... सब मिल एक एक वृक्ष लगाए

अपने अंतिम पड़ाव की लकड़ी का प्रबंध... स्वयं करके जाएं...

अपने आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर वसुंधरा देकर जाए...

वो सरकार बनाएं जो अपनी धरती को बेहतर बनाये...

आओ यह धुआं हटाए... सब एक एक वृक्ष लगाए...



**श्री चंकी राज सिंह**

**मुख्य प्रबंधक**

# स्थापना दिवस

# FOUNDATION DAY




यूको बैंक का स्थापनी दिवस हर साल 6 जनवरी को मनाया जाता है। एक सच्चे भारतीय बैंक का विचार सबसे पहले भारतीय औद्योगिक पुनर्जागरण के पुरोधा श्री जी.डी. बिड़ला द्वारा 1942 में ऐतिहासिक "भारत छोड़ो" आंदोलन के बाद सोचा गया था। जल्द ही यह नवजात विचार वास्तविकता में बदल गया और 6 जनवरी 1943 को यूनाइटेड कमर्शियल बैंक लिमिटेड का जन्म हुआ, जिसका पंजीकृत  प्रधान कार्यालय कोलकाता में है।

सबसे पहले निदेशक मंडल में देश के सभी क्षेत्रों से आए प्रतिष्ठित व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था, और बैंक के इस अखिल भारतीय चरित्र को आज तक न केवल इसके बोर्ड की संरचना में बल्कि देश में इसके 3000 से अधिक भौगोलिक विस्तार के साथ-साथ सिंगापुर और हांगकांग में इसके विदेशी केंद्रों में भी बनाए रखा गया है।







वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 6 जनवरी को अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर में भी स्थापना दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर अंचल के उप अंचल प्रबंधक, मुख्य प्रबंधक एवं पूर्व अंचल प्रबंधक,  ने मिलकर केक काटकर सबको मीठा खिलाया।

अंचल में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों ने बैंक में अपने अनुभव सभी से साझा किया। सभी ने एक दूसरे को बधाई दी और इस महान संस्था को अपने अथक परिश्रम एवं इच्छाशक्ति के साथ और अधिक विकसित करने का प्रण लिया।

# नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर

# EYE CHECKUP & BLOOD DONATION CAMP











स्थापना दिसव के उपलक्ष्य में अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर में नेत्र जांच एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। रक्तदान शिविर अंचल की शाखा—गवर्मेंट आर्टस एंट साइंस कॉलेज में आयोजित किया गया था। इन दोनों शिविर में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। कॉलेज के बच्चों ने भी रक्तदान शिविर में यूको बैंक को पूर्ण सहयोग प्रदान किया। 83 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बैंक ने 83 यूनिट रक्त अस्पताल के सहयोग से दान किया गया।

# शाखा प्रबंधकों की बैठक की झलक

# Glimpses of BH MEETING

# FY- 2024-25



















# नराकास ओवरॉल चैम्पीयनशिप ट्रॉफी

# TOLIC OVERALL CHAMPIONSHIP TROPHY

कोयंबत्तूर अंचल को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए हिंदी प्रतियोगिताओं में सबसे अधिक भागीदारी करने हेतु ओवरॉल चैम्पीयनशिप ट्रॉफी  तृतीय प्राप्त हुआ।

नराकास के तत्वावदान में आयोजित संगोष्ठी में यह पुरस्कार अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर को प्रदान किया गया।

अंचल में राजभाषा कार्यानवयन एवं नराकास प्रतियोजिताओं में भाग लेने के लिए सबको प्रोत्साहित करने हेतु अंचल प्रबंधक श्री श्रीनिवास राव एवं उप अंचल प्रबंधक श्री वृद्धि चन्द कुमावत ने श्री चंकी राज सिंह को पुरस्कार सहित बधाई दी।






यूको बैंक
UCO BANK

# एमएसएमई, कृषि और संसाधन कार्निवल

# MSME, AGRI & RESOURCE CARNIVAL




यूको बैंक ने ग्राहकों को यूको बैंक के विभिन्न उत्पादों के बारे में अवगत करवाने के लिए विभिन्न दिनांको में विभिन्न जगहों पर एमएसएमई, कृषि और संसाधन कार्निवल का आयोजन किया था।

दिनांक—27 फरवरी 2025 को कोयंबत्तूर अंचल कार्यालय ने भी  एमएसएमई, कृषि और संसाधन कार्निवल का आयोजन किया था। इस कार्निवल में महाप्रबंधक श्री अमित श्रीवास्तवा, अंचल प्रबंधक श्री श्रीनिवास राव, उप अंचल प्रबंधक श्री वृद्धि चंद कुमावत, ऋण एवं एमएसएमई हब के विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।  कर्निवल में ग्राहकों को ऋण मंजूरी पत्र भी प्रदान किया गया।

UCO Bank organized MSME, Agriculture and Resources Carnival on different dates at various locations to make the customers aware about various products of UCO Bank.

Coimbatore Zonal Office also organized MSME, Agriculture and Resources Carnival on 27th February 2025.General Manager Mr. Amit Srivastava, Zonal Manager Mr. Srinivasa Rao, Deputy Zonal Manager Mr. Vriddhi Chand Kumawat, Department Heads of Retail and MSME Hub were present in this carnival. Loan Sanction letters were also provided to the customers in the carnival.



# தஞ்சாவூர் பொம்மைகள்
# तंजावुर तलयाटिबोमै



கட்டடம், சிற்பம், ஓவியம், நடனம், நாடகம் போன்ற கலைகளுக்குப் பெயர்பெற்ற தஞ்சையில் 19 ஆம் நூற்றாண்டில் இப்பொம்மைகள் உருவாக்கப்பட்டன. சரபோஜி மகாராஜாவின் காலத்தில் இப்பொம்மைகள் உருவாக்கும் கலைஞர்கள் சிறப்புடன் மதிக்கப்பட்டனர்.சர் ஐசக் நியூட்டனின் புவி ஈர்ப்பு விசை கோட்பாடு 1665-1666 இல் தான் வெளியிடப்பட்டது. எனவே அதற்கு முன்னரே புவி ஈர்ப்பு விசை குறித்து அறிந்து தமிழர்கள் தஞ்சாவூர் தலையாட்டி பொம்மைகளை செய்தனர் என ஜாக்ராபிகள் இண்டிகேஷன் தி தஞ்சாவூர் டால் என்ற நூலில் ஸ்ரீ சஞ்சய் காந்தி குறிப்பிடுகிறார். தஞ்சை கைவினைஞர்களால் இந்த பொம்மைகள் காவிரி ஆற்றின் களிமண்ணால் செய்யப்பட்டது. இந்த பொம்மைகள் தொடக்கத்தில் காவிரி ஆற்றின் களிமண்ணால் செய்யப்பட்டன. தற்போது நவீன பொம்மைகள் ப்ளாஸ்டர் ஆ்ஃப் பாரீஸ், காகிதக்கூழ், மரத்தூள் கொண்டு செய்யப்படுகின்றன. தஞ்சையின் அடையாளமாக விளங்கும் இப்பொம்மைகள் தஞ்சாவூரின் கலை மற்றும் பாரம்பரியத்தை பறைசாற்றக் கூடியவை ஆகும். இந்த பொம்மைகளின் அடிப்பகுதியில் பெரியதாகவும் எடைமிகுந்ததாகவும் மேற்புறம் குறுகலாகவும் எடை குறைவானதாகவும் உருவாக்கப்படுகின்றன. இதனால் இப்பொம்மைகளைச் சாய்த்து தள்ளினாலும் கீழே விழாமல் மீண்டும் செங்குத்தாகவே நிற்கும் வகையில் உருவாக்கப்படுகின்றன. புவிஈர்ப்பு விசை செயல்பாட்டிற்கேற்ப செங்குத்தாக நிற்கும் வகையில் உருவாக்கப்பட்டுள்ளன.

तंजावुर गुड़िया 19वीं शताब्दी में तंजावुर में बनाई गई थीं, जो वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, नृत्य और नाटक जैसी कलाओं के लिए प्रसिद्ध शहर है । महाराजा सरबोजी के शासनकाल में इन गुड़ियों को बनाने वाले कलाकारों का बहुत सम्मान था। सर आइज़ैक न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत 1665 - 1666 में प्रकाशित हुआ था। इसलिए, श्री संजय गांधी ने अपनी पुस्तक "जैगोग्राफ़ीज़ इंडिकेशन ऑफ़ द तंजावुर डॉल" में उल्लेख किया है कि तमिलों को इससे पहले भी गुरुत्वाकर्षण बल के बारे में पता था और उन्होंने तंजावुर की सिर घुमाने वाली गुड़िया बनाई थी। ये गुड़ियां शुरू में कावेरी नदी की मिट्टी से बनाई जाती थीं। वर्तमान में आधुनिक गुड़िया प्लास्टर ऑफ पेरिस, कागज की लुगदी और चूरा से बनाई जाती हैं। ये खिलौने नीचे से बड़े और भारी तथा ऊपर से संकरे और हल्के बनाये जाते हैं।

தஞ்சாவூர் பொம்மைகளில் மட்டும் ஆட்டுகின்றவாறு உள்ள தலையாட்டி பொம்மைகள் எனப்படுகின்றன. இவற்றில் தலையாட்டும் பரதநாட்டிய நடனப் பெண் பொம்மை, தலையாட்டும் குரங்கு பொம்மை, தலையாட்டும் சிறுவன் பொம்மை என சில வகைகள் உள்ளன. அனைத்தையும் விட தலையை ஆட்டும் வயதான தம்பதிகள் பொம்மை புகழ்பெற்றதாகும். இந்த இணை பொம்மைகளை செட்டியார்-செட்டிச்சி பொம்மை என அழைப்பர். இவை தாத்தா பாட்டி பொம்மை என்றும் கூறப்படுகிறது.

அங்கிகாரமற்றவர்கள் தஞ்சாவூர் பொம்மைகளை தயாரிப்பதை தடுக்கவும், தண்டனை வழங்கவும் சட்டம் வழிவகை செய்கிறது. புவிசார் குறியீடு பெற்றுள்ள தஞ்சை பொம்மையை தயாரிக்க புதிய நபர்கள் விண்ணப்பிக்கலாம். அவர்களது பொம்மைகள் தரக்கட்டுப்பாடு, தணிக்கைக்கு உட்படுத்தப்பட்டு நிபுணர்களின் துணையோடு அங்கிகரிக்கப்படுகிறது.

इसका मतलब यह है कि अगर इन खिलौनों को झुकाया या धक्का दिया जाए तो भी वे नीचे नहीं गिरेंगे और पुनः सीधे खड़े हो जाएंगे।


तंजावुर गुड़ियों में, जो गुड़िया केवल अपना सिर हिलाती हैं उन्हें सिर हिलाने वाली गुड़िया कहा जाता है। इनमें सिर हिलाती भरतनाट्यम नृत्य करने वाली लड़की की गुड़िया, सिर हिलाती बंदर की गुड़िया और सिर हिलाती लड़का की गुड़िया शामिल हैं। सिर हिलाते हुए बूढ़े जोड़े वाली गुड़िया सबसे प्रसिद्ध है। इन गुड़ियों को चेट्टियार-चेट्टीची गुड़िया कहा जाता है। इन्हें दादा-दादी की गुड़िया भी कहा जाता है।

कानून में अनाधिकृत व्यक्तियों को तंजावुर गुड़िया बनाने से रोकने और दंडित करने का प्रावधान है। नए व्यक्ति तंजौर गुड़िया के उत्पादन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसका भौगोलिक संकेत होता है। उनके खिलौनों की गुणवत्ता नियंत्रित, लेखापरीक्षित और विशेषज्ञों की सहायता से अनुमोदित की जाती है।



# स्थानांतरित आर एस पुरम शाखा का उद्‌घाटन

# INAUGRATION OF RELOCATED R S PURAM BRANCH



स्थानांतरित आर एस पुरम शाखा में

पारंपरिक विश्वास के अनुसार पुजा की गई।

The puja was performed as per traditional belief at the transfered RS Puram branch.

स्थानांतरित आर एस पुरम शाखा का उद्‌घाटन करते हुए अंचल प्रबंधक श्री श्रीनिवास राव कंभमपति, पूर्व अंचल प्रबंधक श्री चोक्कलिंगम एवं शाखा प्रबंधक श्री राजेश कुमार ।






Transfered RS Puram Branch was inaugurated by Regional Manager Shri Srinivas Rao Kambhapati, Zonal  Manager Shri Chokalingam and Branch Manager Shri Rajesh Kumar.

# कड़वा सच

पहचानों, हूँ मैं कौन?

चलता मैं जाता,

बचपन से बुढ़पे के सारे कार्य मैं करवाता,

कोई मज़े से जीता तो कोई चिंता में चिता हो जाता।

जीवन धारा है यह कहलता

क्योंकि किसी के लिए भी

यह न रुकता है, न आगे जाता है न ही पीछे आता है

केवल धारा की तरह यह बहता जाता है।

आया था निर्वस्त्र तो

साथ ले जाएगा कोन सा पहाड़ उठाकर,

अगर ले जा सकता है, तो जा

ले जा केवल स्मृतियाँ अपनी आँखों में बैठाकर,

लेकिन ले जाने के लिए होनी भी चाहिए यादें।

साथ मनुष्य के

क्योंकि बरबाद कर दिया जिसने

पूरा जीवन अपना, चंद कागज कमाने में,

वह अंक बढ़ाने में,

वह नाम कमाने में,

आज है नहीं यादें उसके पास

अपने साथ ले जाने में।

बनना है बच्चे को बढ़ा

व बूढ़े को फिरसे बच्चा

मगर लेता नहीं कोई मज़ा

उस वर्तमान कार्य में

हाँ होगा ऐसा ही

जब जिओगे नहीं हर पल तुम,

फिर रहना ही पड़ेगा

हमेशा पछतावे में।



**श्री प्रदीप कुमार**

**सुरक्षा अधिकारी**

# पोंगल

# PONGAL



पोंगल तमिल हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह प्रति वर्ष 14-15 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी तुलना नवान्न से की जा सकती है जो फसल की कटाई का उत्सव होता है। इस त्यौहार का नाम पोंगल इसलिए है क्योंकि इस दिन सूर्य देव को जो प्रसाद अर्पित किया जाता है वह पगल कहलता है। तमिल भाषा में पोंगल का एक अन्य अर्थ निकलता है-अच्छी तरह उबालना। पोंगल का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इस दिन तमिल महीने की पहली तारीख को आरम्भ होता है। दक्षिण भारत के तमिलनाडु राज्य में पोंगल का त्यौहार सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का स्वागत कुछ अलग ही अंदाज में किया जाता है। सूर्य को अन्न धन का दाता मान कर चार दिनों तक उत्सव मानाया जाता है और उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया जाता है। पहली पोंगल को भोगी पोंगल कहते हैं जो देवराज इन्द्र का समर्पित हैं। इसे भोगी पोंगल इसलिए कहते हैं क्योंकि देवराज इन्द्र भोग विलास में मस्त रहने वाले देवता माने जाते हैं। इस दिन संध्या समय में लोग अपने अपने घर से पुराने वस्त्र कूड़े आदि लाकर एक जगह इकट्ठा करते हैं और उसे जलाते हैं। यह ईश्वर के प्रति सम्मान एवं बुराईयों के अंत की भावना को दर्शाता है। इस अग्नि के इर्द गिर्द युवा रात भर भोगी कोट्टम बजाते हैं जो भैस की सिंग का बना एक प्रकार का ढ़ोल होता है। दूसरी पोंगल को सूर्य पोंगल कहते हैं। यह भगवान सूर्य को निवेदित होता है। इसदिन पोंगल नामक एक विशेष प्रकार की खीर बनाई जाती है जो मिट्टी के बर्तन में नये धान से तैयार चावल, मूंग दाल और गुड से बनती है।

पोंगल तैयार होने के बाद सूर्य देव की विशेष पूजा की जाती है और उन्हें प्रसाद रूप में यह पोंगल व गन्ना अर्पण किया जाता है और फसल देने के लिए कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। तीसरे पोंगल को माट्टू पोंगल कहा जाता है।

तमिल मान्यताओं के अनुसार माट्टु भगवान शंकर काबैल है जिसे एक भूल के कारण भगवान शंकर ने पृथ्वी पर रहकर मानव के लिए अन्न पैदा करने के लिए कहा और तब से पृथ्वी पर रहकर कृषि कार्य में मानव की सहायता कर रहा है। इस दिन किसान अपने बैलों को स्नान कराते हैं। उनके सिंगों में तेल लगाते हैं एवं अन्य प्रकार से बैलों को सजाते है। बालों को सजाने के बाद उनकी पूजा की जाती है। बैल के साथ ही इस दिन गाय और बछड़ों की भी पूजा की जाती है। कही- कहीं लोग इसे कनु पोंगल के नाम से भी जानते हैं, जिसमें बहनें अपने भाईयों की खुशहाली के लिए पूजा करती है और भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं।चार दिनों के इस त्यौहार के अंतिम दिन कानुम पोंगल मनाया जाता है जिसे तिरूवल्लूर के नाम से भी लोग पुकारते हैं। इस दिन घर को सजाया जाता है। आम के पलल्व और नारियल के पत्ते से दरवाजे पर तोरण बनाया जाता है। महिलाएं इस दिन घर के मुख्य द्वारा पर कोलम यानी रंगोली बनाती हैं। इसदिन पोंगल बहुत ही धूम धाम के साथ मनाया जाता है लोग नये वस्त्र पहनते है और दूसरे के यहां पोंगल और मिठाई वयना के तौर पर भेजते हैं। इस पोंगल के दिन ही बैलों की लड़ाई होती है जो काफी प्रसिद्ध है। रात्रि के समय लोगसामुदिक भोजन का आयोजन करते हैं और एक दूसरे को मंगलमय वर्ष की शुभकामना देते हैं।



# विभिन्न नराकास



TOLIC SALEM MEETING

TOLIC ARIYALLUR MEETING





TOLIC MADURAI MEETING

# सालई रोड त्रिचि शाखा का स्थानांतरण

# SHIFTING OF SALAI ROAD TRICHY BRANCH








# कार्यशाला

# WORKSHOP

यूको बैंक अपने कर्मचारी कल्याण के लिए हर वर्ष डॉक्टर रेड्डी के सहयोग से विभिन्न विषयों को केंद्र में रखते हुए, कर्मचारियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के विचार से एक सत्र का आयोजन करते है।

यह सत्र विभिन्न क्षेत्र के प्रसिद्ध डॉक्टरों द्वारा लिया जाता है।

इसका लक्ष्य कर्मचारियों के व्यस्त जीवन में बदलते जीवन शैली की वजह से उत्पन्न बिमारियों से बचने के लिए एवं अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सभी कर्मचारियों को उचित ज्ञान प्रदान करना है।





अंचल में प्रधान कार्यालय के निदेश अनुसार स्वस्थ जीवन शैली के बारे में प्रसिद्ध औरथोपेडिक सरजेन ने एक सत्र लिया। हम जैसे अधिकारियों के जीवन में बढ़ रहे स्वास्थ्य संबंधित समस्या को दूर करना इस सत्र का लक्ष्य था। डॉक्टर ने सभी अधिकारियों को हमारे जीवन शैली की वजह से होने वाले बीमारियों से अवगत कराया।

डॉक्टर का सत्र सभी अधिकारियों के लिए लाभकारी रहा। अपने डेस्क में बैठे ही हम कैसे अपने स्वास्थय का भी ध्यान रख सकते है इसका अच्छा ज्ञान डॉ. ने अपने सत्र में दिया।

# सूरमंगलम शाखा का उद्घाटन

# INAUGRATION OF SURAMANGALAM BRANCH





# ACHEIVEMENT OF CREDIT MONITORING DEPT

# ऋण निगरानी विभाग की उपलब्धि

अंचल कार्यलय कोयंबतूर को वित्त वर्ष 2024-25 के दैरान एनपीए के सबसे कम फ्रेश स्लिपेज के लिए प्रधान कार्यालय की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया। अंचल प्रबंधक श्री श्रीनिवास राव ने अंचल प्रबंधको की बैठक में प्रबंध निदेशक के कर कमलों से पुरस्कार स्वीकार किया।




प्रधान कार्यालय से प्राप्त पुरस्कार को विभाग के अधिकारियों ( मुख्य प्रबंधक श्री चंकी राज सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक श्री अखिल कुमार एवं अधिकारी श्री महेश्वरन के ) को सौंपते हुए अंचल प्रबंधक श्री श्रीनिवास राव एवं उप अंचल प्रबंधक श्री वृद्धि चंद कुमावत।



# महिला दिवस

# WOMENS DAY



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिवर्ष, 8 मार्च को विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया जाता है।

International Women's Day is celebrated on 8 March, commemorating women's fight for equality and liberation along with the women's rights movement. International Women's Day gives focus to issues such as gender equality, reproductive rights, and violence and abuse against women.

अमेरिका में सोशलिस्ट पार्टी के आह्वान पर, यह दिवस सबसे पहले 28 फरवरी 1909 को मनाया गया। हर वर्ष कोयंबत्तूर अंचल में भी महिला दिवस मनाया जाता है। गत् वर्ष 2024-25 में भी अंचल में महिला दिवस मनाया गया था। सभी महिला कर्मचारियों को पुरुष करमचारियों से पुरस्कार से सम्मानित किया और समाज में महिलाओं की भूमिका के बारे में चर्चा की गई।

The earliest reported Women's Day event, called "Woman's Day", was held on 28 February 1909, in New York City.  Zonal Office Coimbatore also celebrate Women's day every year . In FY– 2024-25 Zonal office celebrated women’s day. All the women’ s staff where given surprize gifts by male staff and discussions where done about  the different role women's in the society.



# सृजनात्मक स्तम्भ

# CREATIVE COLUMN






कुमारी युविका

सुपुत्री श्री प्रदीप कुमार

सुरक्षा अधिकारी

अंचल कार्यालय कोयंबत्तूर

# हिंदी परीक्षाओं के मानदेय

# HONORARIUM FOR HINDI EXAM

हिंदी शिक्षण योजना के अधीन प्रबोद, प्रवीण तथा प्राज्ञा परीक्षाएं, हिंदी टंकण और आशुलिपि परीक्षाएं, भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त स्वैच्छिक हिंदी संगठनों द्वारा संचालित की जानेवाली परीक्षाएँ, केन्द्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा औयोजित हिंदी डिप्लोमा पाठ्यक्रम तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैंस की बैंकिंग उन्मुख हिंदी परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु बैंक के कर्मचारियों को प्रोत्साहन करने के उद्देश्य से बैंक ने प्रोत्साहन योजना बनाई है। भारतीय बैंक संघ ने उक्त परीक्षाएँ उत्तीर्ण करने पर देय प्रोत्साहन राशि की दरों में संशोधन किया गया था। प्रोत्साहन की नई दरें निन्मानुसार हैं:

Bank has drawn up incentive scheme to encourage the employees of the Bank to pass Prabodh, Praveen and Pragya examinations, Hindi Type writing and Stenography examination under the Hindi teaching Scheme, examinations conducted by voluntary Hindi organisations recognised by the Govt of India, Hindi Diploma Course conducted by Central Hindi Directorate and banking oriented paper in Hindi of IIBF. Indian Banks Association revised the incentive amount payable on passing the said examinations. The revised rates of incentives are as follows:

| | For Employees in categories | |
|---|---|---|
| | A & B ( RS) | C & D |
| क) हिंदी शिक्षण योजना की प्रबोध परीक्षा<br>A) PRABODH Examination of Hindi Teaching Scheme | 2000/- | 4000/- |
| ख) हिंदी शिक्षण योजना की प्रवीण परीक्षा<br>B) PRAVEEN Examination of Hindi Teaching Scheme | 2500/- | 5000/- |
| ग) हिंदी शिक्षण योजना की प्रज्ञा परीक्षा<br>C) PRAGYA Examination of Hindi Teaching Scheme | 3000/- | 6000/- |
| घ) स्वैच्छिक हिंदी संगठनों द्वारा संचालित की जनेवाली ऐसी परीक्षाएँ जिन्हें भारत सरकार (शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय) ने मैट्रीक्यूलेशन के समकक्ष या उससे ऊंची परीक्षा के रूप में मान्यता दी है।<br>D) Examination which are conducted by voluntary Hindi Organisations and recognised by Govt. Of India (Ministry of Education and social Welfare) as equivalent to or higher than the matriculation examination | 3000/- | 6000/- |
| ड) केंद्रीय हिंदी निदेशालय द्वारा आयोजित हिंदी डिप्लोमा पाठ्यक्रम<br>E) Diploma Couse Conducted by Central Hindi Directorate | 3000/- | 6000/- |
| च) हिंदी टंकणय हिंदी आशुलिपि परीक्षा<br>F) Hindi Typing/ Hindi stenography Examination | 2500/- | 2500/- |
| अईअईबीएफ की बैंकिंग उन्मुख हिंदी<br>Banking Oriented paper in Hindi IIBF. | 3000/- | 3000/- |

UCO BANK यूको बैंक

विभिन्न हिंदी परीक्षाएँ उत्तीर्ण करने पर दिए जाने वाले प्रोत्साहन के उद्देश्य से कर्मचारियों का श्रेणीकरण निम्नानुसार किया गया है-

For the purpose of incentive to be given on passing various Hindi Examinations, the employees have been categorised as under:

| | |
|---|---|
| श्रेणी (क)<br>Category " A" | ऐसे कर्मचारी जिनकी मातृभाषा हिंदी है और जो अपने आपको हिंदी में इच्छी तरह अभिव्यक्त कर सकते है।<br>Employees whose mother tongue is Hindi and who can express themselves well in Hindi. |
| श्रेणी (ख)<br>Category " B" | ऐसे कर्मचारी जिनकी मातृभाषा निन्मलिखित भाषाओं में से कोई एक है- उर्दू, पंजाबी, कश्मीरी या अन्य सहबद्ध भाषाएँ। Employees whose mother tongue is one of the following languages: Urdu, Punjabi, Kashmiri or other allied languages. |
| श्रेणी (ग)<br>Category " C" | ऐसे कर्मचारी जिनकी मातृभाषा निन्मलिखित भाषाओं में से कोई एक है- मराठी, गुजराती, बंगला, उड़िया, असमिया और अन्य सहबद्ध भाषाएँ।<br>Employees whose mother tongue is one of the following languages: Marathi, Gujarati, Bengali, Oriya, Assamese and other allied languages and Sindhi. |
| श्रेणी (घ)<br>Category " D" | जिन कर्मचारियों की मातृभाषा दक्षिण भारतीय भाषा या अंग्रेजी है।<br>Employees whose mother tongue is any South Indian language or English. |

# अधिरसम



सामग्री

1. चावल
2. गुड़
3. सूखा अदरक
4. इलायची
5. घी

बनाने की विधि

**सबसे पहले चावल को धोकर 3 घंटे के लिए भिगो दें। इसके बाद इसे छानकर एक सफेद सूती कपड़े में फैला दें। इसे ज़्यादा देर तक सूखने न दें क्योंकि इससे रबड़ जैसा अधीरसम बन जाएगा। चावल को छूने पर उसमें नमी होनी चाहिए। फिर इसे मिक्सर में 2 भागों में पीसकर आटा बना लें। एक समान पाउडरिंग सुनिश्चित करने के लिए किनारों को पोंछें। उसके बाद, इसे छान लें। मेरी सास और माँ इसके लिए रवा जल्लादई (छलनी) का उपयोग करती हैं, इसलिए मैं समझती हूँ कि आटे का थोड़ा मोटा होना ज़रूरी है। छलनी से छानते समय आटे को हल्के से दबा कर रखें। इसका मतलब है कि जब आप आटे को छान लें और उसे किसी बर्तन में डाल लें, तो उसे धीरे से दबा दें ताकि उसमें नमी बनी रहे और उसे हमेशा ढककर रखें ताकि आटा सूख न जाए।**

**जब आप छलनी से छान रहे हों, तो आटे को हल्के से दबा कर नम तौलिये से ढक कर रखें। इस बीच, गुड़ को पीस लें और पानी के साथ गर्म करें ताकि गुड़ उसमें डूब जाए। गुड़ को घुलने के लिए अच्छी तरह मिलाएं। जब यह पूरी तरह से घुल जाए तो इसे छान लें और सारी अशुद्धियाँ हटा दें। फिर से गुड़ की चाशनी को गर्म करना शुरू करें।**

**हमेशा मध्यम आंच पर उबालें और बीच-बीच में हिलाते रहें। एक स्तर पर, चाशनी गाढ़ी हो जाती है और जब आप इसमें पानी डालते हैं, तो यह घुलती नहीं है और आप इसे अपनी उंगलियों से इकट्ठा करके एक ढीली गेंद बना सकते हैं जो आपके हाथ में रहती है।**

इसमें सूखा अदरक पाउडर, इलायची पाउडर डालें और आंच बंद कर दें। इसमें थोड़ा-थोड़ा करके चावल का आटा डालें। इसे डालते समय अच्छी तरह मिलाएं, ताकि कोई गांठ न पड़े। चावल का आटा तब तक मिलाते रहें जब तक कि आपको गाढ़ा घोल जैसा गाढ़ापन न मिल जाए।

बाद में पूरी तरह से ठंडा होने के बाद, आटे को एक दिन के लिए रख दें, तो यह इस तरह गाढ़ा हो जाता है। मैंने इसे कमरे के तापमान में 3 दिनों तक रखा। बनाते समय, बराबर आकार की लोइयां बना लें, हर एक छोटे नींबू के आकार की। बेलते समय आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं क्योंकि आटा थोड़ा चिपचिपा होगा। केले के पत्ते या ज़िपलॉक कवर पर तेल लगाएं और उसे थोड़ा मोटा थपथपाएं।

अब एक कढ़ाई में तेल गरम करें, जब तेल गरम हो जाए तो आंच धीमी कर दें और उसमें पिसा हुआ अधिरसम डालें। इसे ऊपर आने दें और इस पर तेल डालें ताकि यह फूल जाए। इसके बाद इसे पलट दें और पकाने के लिए इस पर दोबारा तेल डालें। जब इसका रंग गहरा लाल हो जाए तो दो करछुल का उपयोग करके अतिरिक्त तेल को सावधानी से निचोड़ लें। धीरासम तैयार है। अतिरिक्त तेल सोखने के लिए किचन टिशू की 2 परतें रखें।



# सुरक्षा निर्देशिका: प्रतिरूपण और कॉल अग्रेषण घोटाले से सावधान रहें






**आजकल, साइबर अपराधी खुद को वैध संगठन/कंपनी का अधिकृत व्यक्ति बताकर झूठे बहाने से उपयोगकर्ता को हमलावर के नंबर पर कॉल अग्रेषित करने के लिए मना लेते हैं।**



## कार्य प्रणाली



स्कैमर्स संपर्क शुरू करते हैं और दावा करते हैं कि वह एक डिलीवरी करने वाला व्यक्ति है, जिसे पार्सल प्राप्तकर्ता का पता ढूंढने में दिक्कत आ रही है। इस चाल के माध्यम से वे प्राप्तकर्ता का विश्वास जीतने का प्रयास करते हैं।




स्कैमर प्राप्तकर्ता को एक एक्सटेंशन कोड डायल करने के लिए कहता है जिसके बाद नीचे दिए गए प्रारूप में डिलीवरी व्यक्ति का संपर्क नंबर होता है: ***401*<10 अंकों का मोबाइल नंबर>**



पार्सल की सफल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए कोड (*401*) को कपटतापूर्वक एक शर्त के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिसका अर्थ है कि कोड डायल करने में विफलता के परिणामस्वरूप पार्सल की डिलीवरी नहीं होगी।



जैसे ही कोड डायल किया जाता है, इनकमिंग कॉल, संदेश, पिन, ओटीपी आदि सहित संवेदनशील जानकारी स्कैमर के नंबर पर रीडायरेक्ट हो जाती है, जिससे शिकार व्यक्ति को वित्तीय नुकसान होता है।

## साइबर सुरक्षा सर्वोत्तम पद्धति

- ✗ **बिना देखें निर्देशों का अनुसरण न करें या अजनबियों के अत्यावश्यकता अनुरोधों पर तत्काल कार्रवाई न करें।**
- ✓ **कॉल करने वाले की पहचान हमेशा विश्वसनीय चैनलों जैसे कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट, ऐप्स, प्रामाणिक हेल्पलाइन नंबर आदि से सत्यापित करें।**
- ✗ **अजनबियों के कहने पर कभी भी अपने नंबर से कोड डायल न करें या एसएमएस न भेजें। कोड की कार्यप्रणाली के संबंध में हमेशा अपने सेवा प्रदाता से जांच करें।**
- ✓ **अपने फोन/सिम नेटवर्क सेवा(ओं) पर कॉल/एसएमएस अग्रेषण सेटिंग्स के संबंध में सतर्क रहें। यदि कॉल/एसएमएस अग्रेषण सुविधाएं गलती से या अनजाने में सक्षम हो जाती हैं, तो इसे निष्क्रिय करने के लिए तुरंत अपने मोबाइल नेटवर्क प्रदाता (जैसे जियो, एयरटेल, आदि) से संपर्क करें।**

**अपने बैंक खाते की गतिविधियों की नियमित निगरानी करें। यदि कोई अनधिकृत या संदिग्ध लेन-देन नजर आए तो तुरंत अपने बैंक/शाखा को सूचित करें। यूको बैंक की सहायता के लिए ग्राहक सेवा/हेल्पलाइन नंबर 1800 103 0123 डायल करें।**

साइबर धोखाधड़ी की घटना की रिपोर्ट **https://www.cybercrime.gov.in** पर करें या सहायता के लिए **1930** पर कॉल करें ।


"LAKSHYA"
PATH FOR ACHIEVEING
TARGET FOR FY 2024-25
"Branch Head
Business
Meet"
6th August 2024